Publication: Awam e Hind	Page no: 05
Edition: Print	**Date:** 29.08.22

15 सितंबर को की जाएगी सोशल उद्यमी ऑफ द इयर अवार्ड के विजेताओं की घोषणा

अमरोहा,अ.हि.ब्यूरो। 13 वें सोशल उद्यमी ऑफ द इयर (एसईओवाई) अवार्ड इंडिया 2022 के विजेताओं की घोषणा 15 सितंबर को आयोजित समारोह में की जाएगी। इस पुरस्कार समारोह में दुनिया भर से कई क्षेत्रों की प्रतिभाशाली हस्तियां शिरकत करेंगी और इन जुनुनी लोगों के योगदान की सराहाना की जाएगी।लोगों को बताया जाएगा किस तरह से इन लोगों ने मेहनत करके अपने आप को खड़ा किया। इनसे सीखने की जरुरत है।

एसईओवाई पुरस्कार का भारतीय विजेता इ श्वाब फाउंडेशन ऑफ सोशल उद्यमी से सबंध सामाजिक स्तर पर क्रांति लाने वाले सोशल इनोवोटर्स के पहले अंतरक्षेत्रीय समुदाय में शामिल हो जाएगा। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन की स्थापना 2007 में हुई थी। यह जुबिलेंट भरतिया ग्रुप का लाभ निरपेक्ष संगठन है। यह अपने ग्रुप के लिए कापोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों पहलकदमी को संकल्पति और कार्यांवित करने पर फोकस करता है। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि 25 अगस्त को द श्वाब फाउंडेशन फार सोशल उद्यमी और जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने 13 वें सोशल उद्यमी आफ इ ईयर अवाडर्स के फाइनल में पहुंचने वाले प्रतियोगियों की घोषणा की। जिसमें ओसामा मंजर डिजिटल इम्पावरमेंट फाउंडेशन, अजैता शाह फ्रंटियर मार्केटस, अनिकेत डोएगर, हकदर्शक, विल्मा रोड्रिग्ज, साहस जीरो वेस्ट और साहस एनजीओ और मीरा शेनराय, यूथ 4 जॉब्स का चयन किया गया है। इन पांचों हस्तियों ने अपने-अपने क्षेत्र में काफी काम किया है। जिनको इस साल 15 सिंतबर को पुरस्कार दिया जाएगा।